हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 जून 2026

04 लोगों की समस्याएं समझकर समय पर...



07 कलेक्टर बोली बच्चों को नहीं खेलने दोगे तो फिर किस...





## खबर संक्षेप

### युवा कलोत्सव 19 एवं 20 जून को किया जाएगा

**सागर।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् के तत्वाधान में दो दिवसीय युवा कलोत्सव का आयोजन 19 एवं 20 जून सायं 6:00 बजे से महाकवि पद्माकर सभागार, सागर में आयोजित किया जाएगा।

### महाराणा प्रताप-छत्रसाल जयंती पर होगा मेधावी बच्चों का सम्मान

**खुरई।** क्षत्रिय महासभा ब्लॉक की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में 17 जून को महाराणा प्रताप और बुंदेलखंड केशरी महाराजा छत्रसाल की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम में महेंद्र प्रताप सिंह स्मृति उद्यान खुरई में लगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पूजन, माल्यार्पण होगा। खुरई किला प्रांगण में लगी महाराजा खेमचंद दांगी की प्रतिमा का भी पूजन, माल्यार्पण होगा। इसके बाद कार्यक्रम स्थल ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह होगा। खुरई तहसील स्तर की मेरिट लिस्ट में 10वीं और 12वीं में 85% ग्रेड ए+ से पास विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस सत्र में शासकीय या उच्च श्रेणी की पदोन्नति पर चयनित बच्चों का भी सम्मान होगा। मंच से प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो दिए जाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर रहेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह निर्तला, वरिष्ठ संरक्षक मौजूद रहेंगे। महाराणा प्रताप पर मंच से उद्बोधन होगा।

### संकेतक स्टेशन, रेस्ट हाउस की भ्रामक सूचना दे रहा है

**खुरई।** नगर में सड़क किनारे संकेतक बोर्ड लगा है। यह नेशनल हाइवे विभाग द्वारा लगाया है। यह बोर्ड रेलवे स्टेशन, रेस्ट हाउस की भ्रामक सूचना दे रहा है। यहां लोगों के निवास बने हुए हैं, जिन्हें वह रेलवे स्टेशन, रेस्ट हाउस बता रहा है। जबकि बोर्ड से 150 मीटर आगे रेस्ट हाउस की जगह अब बस स्टैंड बन गया है। इसे 50 मीटर आगे रेलवे स्टेशन बना है। बाहर से आने वाले लोग भ्रमित हो जाते हैं। जिससे रहवासियों को मुश्किल होती है। वहीं रीठौर पुलिया के पास बोर्ड पर बीना की ओर मालथौन लिखा है। विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। इससे भ्रामक जानकारी जा रही है।

### कलेक्टर ने एक आदतन अपराधी को किया तीन माह के लिए जिला बदर

**सागर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मद्देनजर रखते हुए एक आदतन अपराधी को जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियां में लिप्त कृष्णानंद उर्फ गुड्डा उर्फ लंगड़ा पिता स्व. अवधनारायण द्विवेदी उम्र 52 साल, पता रविशंकर वार्ड थाना मोतीनगर जिला सागर (म.प्र.) को 03 माह के लिए सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है।

### युवा संगम का आयोजन 22 को किया जाएगा

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन मे जिला प्रशासन द्वारा युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 22 जनू को प्रातः 11 बजे से सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के परिसर सागर में किया जा रहा है।आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा।

सागर के विकास में ही खर्च होगा कंपनियों का सीएसआर फंड

# बिना जिला स्तरीय समिति की मंजूरी के कोई भी कार्य योजना नहीं की जाएगी स्वीकार्य : कलेक्टर प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों एवं उपक्रमों द्वारा विगत 03 वर्षों में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सागर जिले में कार्य करने वाली सभी पात्र कंपनियां अपने सीएसआर फंड का उपयोग अनिवार्य रूप से सागर के समग्र विकास के लिए ही करेंगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय समिति के अनुमोदन के बिना कोई भी कंपनी स्वयं अपनी मर्जी से किसी भी सीएसआर गतिविधि को न तो तय करेगी और न ही उस पर कोई खर्च करेगी। यदि कंपनी बिना अनुमति के ऐसा कोई कार्य करती है तो वह सीएसआर के अंतर्गत मान्य नहीं होगा।

समिति के आधिकारिक अनुमोदन के बाद ही विकास कार्यों की प्लानिंग को धरातल पर उतारा जाएगा। बैठक के दौरान भारत सरकार द्वारा अधिसूचित कंपनी अधिनियम के वैधानिक प्रावधानों के तहत बताया गया कि पात्र कंपनियों को सामाजिक उत्तरदायित्व नीति के अनुसरण में अनिवार्य रूप से व्यय करना होगा। चालू वर्ष के दौरान कंपनियों के प्रस्तावों के आधार पर मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, कौशल विकास, खेल, पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण आदि क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, बीना एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ. आर. एस. जयंत, भारत सिंह राजपूत जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन, मैनेजर डीटीआईसी कमलेश मगरदे, मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड से अमित मिश्रा एवं विवेक त्रिपाठी, विंग्स एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड से भौमिक मकवाना, जयप्रकाश (जेपी) थर्मल पावर प्लांट, बीना से राजेंद्र कुमार शर्मा, पी. के. सिन्हा तथा राहुल दुबे, बीपीसीएल से रोहित यादव आदि कंपनियों के प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

बैठक में विभिन्न सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों के बजट और प्रस्तावित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बीपीसीएल कंपनी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा गत वर्ष 15 करोड़ रुपये का बजट सीएसआर के तहत खर्च किया गया जिसका 41% हिस्सा विशेष रूप से शिक्षा क्षेत्र के सुधार पर व्यय किया गया। इसी प्रकार मध्य भारत एग्रो द्वारा बताया गया कि इस वर्ष करीब 2 करोड़ रुपये की राशि सीएसआर के तहत खर्च की जाएगी।इसी प्रकार जेपी थर्मल पावर प्लांट, विंग्स समूह, आर एस पी एल आदि सभी को अपनी सीएसआर गतिविधि नियमानुसार समिति के समक्ष प्रस्ताव रख कर, समिति के अनुमोदन के पश्चात कार्य करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सीएसआर फंड्स से किए जाने वाले सभी कार्यों की मॉनिटरिंग विभागीय जिला प्रमुखों के माध्यम से की जाएगी ताकि राशि का सही लाभ सागर के विकास में पारदर्शी तरीके से मिल सके।



## गढ़ाकोटा में संतों का भव्य मंगल मिलन, श्रद्धालुओं ने की अगवानी

**गढ़ाकोटा।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 विराग सागर महाराज जी के शिष्य परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 विशेष सागर जी महाराज, पूज्य क्षुल्लक श्री 105 विश्वोतीर्ण सागर जी महाराज, पूज्य क्षुल्लक श्री 105 विश्वबाहु सागर जी महाराज एवं पूज्य क्षुल्लिका श्री 105 विजिता श्री माताजी ससंघ का मंगल विहार महाराष्ट्र के पुसेगांव तीर्थ से पथरिया स्थित विरागोदय तीर्थ के लिए चल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार प्रातः 7:30 बजे गढ़ाकोटा में समाजजनों द्वारा संघ की भव्य मंगल अगवानी की गई। नगर में विराजमान पूज्य क्षुल्लक श्री 105 अनंत सागर जी महाराज से पूज्य संघ का मंगल मिलन हुआ, जहां पूज्य क्षुल्लक श्री अनंत सागर जी महाराज ने संघस्थ संतों की चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात पूज्य संघ ने नदीपार स्थित श्री 1008 चंद्रप्रभु जिनालय के दर्शन किए तथा अतिशय क्षेत्र पटेरियाजी के दर्शन-वंदन करते हुए चौधरी जैन मंदिर पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण अगवानी की। विहार में विनोद गुरहा, लालू गुंजौरा, विनीत हरदी, अमित बमोरी, अमित कारंदा, शांत सिंघई, निखिल जैन, प्रवीण सिंघई, आगम जैन एवं डॉ. संतोष जैन सहित अनेक श्रद्धालु सम्मिलित रहे। पूज्य उपाध्याय श्री 108 विशेष सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन अतिशय क्षेत्र पटेरियाजी में संपन्न हुए, जिसमें उन्होंने प्राचीन तीर्थ क्षेत्रों के दर्शन एवं वंदना के महत्व को बताते हुए कहा कि तीर्थों की यात्रा आत्मकल्याण, श्रद्धा और आध्यात्मिक जागरण का श्रेष्ठ माध्यम है।

## खुरई में दुकान और सूने घर से लाखों की चोरी: बदमाशों ने लाखों का माल चुराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




देहात थाना क्षेत्र के नरोदा गांव में चोरों ने एक ही रात में जमकर कोहराम मचाया। शातिर चोरों ने पुलिस गश्त की पोल खोलते हुए एक सूने घर और किराने की दुकान के ताले चटकाए और लाखों रुपए के जेवर और नकदी समेट ले गए। इसके बाद बदमाशों ने खेतों को भी नहीं छोड़ा और वहां से लोहे की कीमती तार फेंसिंग तक उखाड़ ले गए। इस सिलसिलेवार चोरी से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है और लोग दहशत में हैं। यह पूरी वारदात नरोदा गांव के रहने वाले बादल सिंह ठाकुर के यहां हुई। बादल सिंह के घर के बाहर ही उनकी किराने की दुकान है। चोरों ने सबसे पहले दुकान का ताला तोड़ा। वहां से चोरों ने गल्ले में रखे करीब 5 से 6 हजार रुपए कैश, सिगरेट के पैकेट और कोल्डड्रिंक की बोतलें बटोर लीं। दुकान साफ करने के बाद चोरों ने बगल में बने सूने घर को निशाना बनाया। घर का ताला तोड़कर चोर अंदर दाखिल हुए और पूरी अलमारी खंगाल डाली। पीड़ित परिवार के मुताबिक, चोरों ने घर के अंदर रखे 63 हजार रुपए नकद, मंगलसूत्र, कान के झुमके, पायल और करीब आधा किलो चांदी के जेवरात चुरा लिए।

### आहट पाकर भागे, खेतों से चुरा ले गए तार

इसी रात चोरों ने गांव के ही कम्मोद पटेल के घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी भी काटी। लेकिन तभी घर के लोगों की नींद खुल गई और आहट पाकर चोर वहां से दुम दबाकर भाग निकले। इसके बाद चोरों ने गांव के तीन-चार किसानों के खेतों का रुख किया और वहां लगी तार फेंसिंग उखाड़कर अपने साथ ले गए।

### गांव में चौथी चोरी, लोगों में नाराजगी

नरोदा गांव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। पिछले कुछ समय में इस गांव के भीतर चोरी की यह चौथी बड़ी वारदात है। इससे पहले चोरों ने दो बार गांव के मंदिरों में चोरियां की थीं, वहीं एक बार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के घर को भी निशाना बनाया था। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। खुरई देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। थाना प्रभारी संतोष सिंह ठाकुर ने बताया कि चोरी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया था। पुलिस की एक टीम संदेहियों से पूछताछ कर चोरों की तलाश में जुट गई है।



## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के पदाधिकारियों ने रिजल्ट खराब को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में घोषित हुए परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों में असंतोष देखने को मिल रहा है। सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य घनश्याम भारती को ज्ञापन सौंपकर परिणाम की जांच कराने एवं त्रुटियों को सुधारने की मांग की। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि बी.ए., बी.एससी. एवं बी.कॉम. तृतीय वर्ष के लगभग 100 छात्र-छात्राओं के परिणाम में फेल अथवा सप्लीमेंट्री दर्शाई गई है। छात्रों का आरोप है कि कई विद्यार्थियों ने परीक्षा अच्छी तरह दी थी, इसके बावजूद उनके परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं आए हैं, जिससे उन्हें मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने मांग की है कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर परिणामों की पुनः जांच कराई जाए तथा यदि किसी प्रकार की तकनीकी या मूल्यांकन संबंधी त्रुटि हो तो उसे शीघ्र सुधारकर संशोधित परिणाम जारी किए जाएं। इस दौरान विद्यार्थियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो विद्यार्थी परिषद आगे आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। छात्र अतुल तिवारी ने बताया कि बी.ए.,बी.एससी.और बी.कॉम. तृतीय वर्ष के करीब 100 विद्यार्थियों को फेल या सप्लीमेंट्री दिखाया गया है। हम चाहते हैं कि परिणाम की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिन विद्यार्थियों के साथ त्रुटि हुई है उनका रिजल्ट अपडेट किया जाए। वहीं मामले को लेकर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य घनश्याम भारती ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा दिए गए ज्ञापन को संज्ञान में लिया गया है और संबंधित विषय में आवश्यक प्रक्रिया के तहत विश्वविद्यालय को अवगत कराया जाएगा। विद्यार्थियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जानकारी विवि को भेजी जाएगी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे का गढ़ाकोटा आगमन हुआ



**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा स्थित पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के निज निवास गणनायक पर नवनियुक्त भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे का आगमन हुआ। जहां नपाध्यक्षा संगीत तिवारी ने अश्विनी परांजपे का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उनसे आत्मीय भेंट कर संगठन के विस्तार, महिला सशक्तिकरण एवं जनसेवा से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

## खुरई में भूसे के गोदाम में भीषण आग व्यापारी को 25 लाख का नुकसान

**खुरई।** खिमलासा रोड स्थित तलापार तिराहा के पास सोमवार को एक भूसे के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग में हजारों क्विंटल भूसा जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोदाम मालिक खुरई निवासी डब्बू अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने गोदाम से धुआं निकलता देखा। मौके पर पहुंचने तक आग तेजी से फैल चुकी थी और देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। डब्बू अग्रवाल के मुताबिक आग में उनका सीजन का पूरा भूसे का स्टॉक जल गया। इस अग्निकांड से उन्हें 25 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर नगर पालिका और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने नुकसान का जायजा लिया और आग बुझाने के कार्य की निगरानी की। प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। गोदाम मालिक ने मामले की शिकायत खिमलासा थाने में दर्ज कराई है।

सीहोरा में आज होगा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण

# मंत्री गोविंद सिंह राजपूत करेंगे लोकार्पण, जिलेभर के क्षत्रिय समाज से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सुरखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सीहोरा आज एक ऐतिहासिक एवं गौरवशाली क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। वीरता, स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और त्याग के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण आज खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय क्षत्रिय समाज का विशाल सम्मेलन भी आयोजित किया गया है, जिसमें जिलेभर से समाजजन, युवा, वरिष्ठ नागरिक, मातृशक्ति एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

कार्यक्रम को लेकर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं जिन्होंने मातृभूमि, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन संघर्ष में समर्पित कर दिया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी पराधीनता स्वीकार नहीं की और आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं होगी, बल्कि यह युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों की निरंतर प्रेरणा देती रहेगी। यह प्रतिमा समाज की एकता, आत्मसम्मान और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक बनेगी।

### क्षत्रिय समाज के लिए गौरव का अवसर

मंत्री राजपूत ने बताया कि क्षत्रिय समाज का यह आयोजन केवल जयंती समारोह नहीं, बल्कि समाज की गौरवशाली परंपराओं, शौर्य और राष्ट्र निर्माण में क्षत्रिय समाज के योगदान को स्मरण करने का अवसर है। महाराणा प्रताप का जीवन संदेश देता है कि सम्मान और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि नई पीढ़ी अपने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाए। महाराणा प्रताप की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास से जोड़ने का कार्य करेगी।



### प्रधानमंत्री के संदेश का सम्मान, नहीं निकलेगी वाहन रैली

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि पूर्व वर्षों में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर वाहन रैली का आयोजन किया जाता था, लेकिन इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेट्रोल-डीजल की बचत और ऊर्जा संरक्षण के संदेश को ध्यान में रखते हुए वाहन रैली का आयोजन स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि समाजजन अलग-अलग स्थानों से वाहन रैली निकालने के बजाय सीधे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर एक स्थान पर एकत्रित होंगे और सामूहिक रूप से महाराणा प्रताप को याद करेंगे। इससे समय, ऊर्जा और संसाधनों की बचत भी होगी तथा अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में सहभागिता कर सकेंगे।

### जिलेभर के समाजजनों से शामिल होने का आग्रह

मंत्री राजपूत ने जिलेभर के क्षत्रिय समाज के लोगों से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह करते हुए कहा कि यह आयोजन समाज की एकता, सम्मान और गौरव का प्रतीक है। समाज के सभी वर्गों की सहभागिता इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएगी। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों और स्वाभिमान से समझौता नहीं करना चाहिए। इसलिए सभी समाजजन अपने परिवार सहित कार्यक्रम में उपस्थित होकर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित करें और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें।

### इतिहास और प्रेरणा का केंद्र बनेगी प्रतिमा

सीहोरा में स्थापित की जा रही महाराणा प्रताप की यह भव्य प्रतिमा क्षेत्र की पहचान बनने के साथ-साथ युवाओं के लिए प्रेरणास्थल का कार्य करेगी। प्रतिमा के माध्यम से आने वाली पीढ़ियां अपने गौरवशाली इतिहास, वीरता, राष्ट्रभक्ति और संस्कृति से परिचित होंगी तथा महाराणा प्रताप के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा प्राप्त करेंगी। क्षत्रिय समाज के इस गौरवपूर्ण आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है और बड़ी संख्या में समाजजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीहोरा पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति ने सभी समाजबंधुओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



## पेंशनरों की बीमा संबंधी शंकाओं का हुआ समाधान

**सागर।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक एम.पी.ई.बी. परिसर मकरोनिया स्थित अधीक्षण अभियंता सभागार में संपन्न हुई जिसमें मेड सेव कंपनी के वाईस प्रेसिडेंट विनय रिछारिया ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना से जुडी समस्याओं से संबंधित शंकाओ का समाधान किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कैशलेस हेल्थ स्कीम में रीइंबर्स (प्रतिपूर्ति) को एलाऊ नही किया गया है । डॉक्टर की कन्सल्टेंस फीस 350 रू निर्धारित है। कैशलेस सुविधा सिर्फ अनुबंधित अस्पतालो में मान्य है स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा ''स्वास्थ्य मंत्रा एप'' भी लॉन्च किया गया है जिस पर पूरा विवरण दर्शित हैं। अस्पताल में भर्ती उपचार-रत बीमित व्यक्ति कें संबंध में 24 घंटे के अंदर सूचना भोपाल, जबलपुर अथवा इंदौर स्थित कार्यालय में निर्धारित चार बिन्दुओं पर आधारित एक प्रोफार्मा में भरकर नाम, रजिस्ट्रेशन, अस्पताल, जन्म इत्यादि संबंधित जानकारी देना होती है बीमा क्लेम मे सभी दस्तावेज ओरिजनल मान्य होते है। बीमा संबंधी शंकाओं के संबंध में नवीन जैन, डॉ. प्रेम श्रीवास्तव बीना, अरविंद जैन, जिनेश जैन, मनोहर नामदेव एवं रामसीग राय ने प्रश्न पूछे जिनका मौके पर समाधान किया गया। बैठक में मुख्य अभियंता कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण अभियंता सुभाष नागेश्वर, पूर्व एस.ई. वाय.के. सिघई, के.सी. जैन पूर्व ई.ई. आर.के. भारिल्ल, रामलखन श्रीवास्तव, जे.पी. शर्मा (लक्खू), आरआर पाराशर, महाराज सिंह राजपूत, आरएस खरे लवलीना शालिनी, पीआरओ केएल साहू, नारायण प्रसाद अहिरवार, जेपी शर्मा (रिटा. एओ), अनिल गुप्ता, एसएन सोनी. सुभाष जैन, एसएन पटेल, एसके. साहू, वीरेन्द्र जैन, प्रमोद भोसले, मुन्नालाल, डीपी प्रजापति, नंदराम अहिरवार सहित बडी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग संदेश के साथ योग शिविर पहुंचे केंद्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में संचालित घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के पूर्व जनजागरूकता कार्यक्रमों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में उपवन पार्क में आयोजित योग शिविर में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया तथा लोगों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जिला आयुष विभाग के प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार की उपस्थिति में जिले के 17 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग दिवस के पूर्व अभ्यास एवं

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज... प्रतिदिन 60 से 70 लोग ले रहे योग शिविर का लाभ**





जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपवन पार्क में आयोजित शिविर में केंद्रीय मंत्री ने योगाभ्यास के पश्चात जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार, प्रदीप कुमार चतुर्वेदी एवं योग प्रशिक्षक मनोज खरे का शॉल-श्रीफल से सम्मान कर जिला आयुष विभाग के कार्यों की सराहना की तथा अधिकारियों-कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। शिविर में उपस्थित लोगों को योग के महत्व, नियमित दिनचर्या और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी गई। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. बंशी लाल अहिरवार, डॉ. सत्येंद्र गुप्ता एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र जैन ने आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से विभिन्न रोगों के उपचार, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और संतुलित दिनचर्या अपनाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। योग प्रशिक्षक मनोज कुमार खरे द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जा रहा है। शिविर में जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सीता साहू, डॉ. सीमा जैन, डॉ. राजेश सूत्रकार, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. मुकेश यादव, प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, औषधालय प्रभारी डॉ. आर.डी. अहिरवार सहित पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई: संवेदनशील संवाद से समस्याओं के समाधान में निरंतर जुटी पुलिस

# लोगों की समस्याएं समझकर समय पर सहायता असली सफलता: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस और आमजन के बीच विश्वास, संवेदनशीलता और पारदर्शी संवाद को मजबूत बनाने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम एक जनकेंद्रित और मानवीय पुलिसिंग मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में प्रत्येक मंगलवार आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम केवल शिकायतों के निराकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों की भावनाओं, अपेक्षाओं और समस्याओं को समझने का भी प्रभावी माध्यम बन रहा है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं, सुझाव और आवश्यकताएं पुलिस के समक्ष रखीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने प्रत्येक आवेदक की बात धैर्य, संवेदनशीलता और आत्मीयता के साथ सुनी। जनसुनवाई के



दौरान ऐसा सकारात्मक वातावरण देखने को मिला, जहां नागरिक बिना किसी झिझक के अपनी समस्याएं खुलकर रख सके और उन्हें सम्मानपूर्वक सुना गया। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। कई मामलों में मौके पर ही राहत प्रदान की गई, जबकि अन्य प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए गए। महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद व्यक्तियों से जुड़े मामलों को विशेष प्राथमिकता देते हुए मानवीय दृष्टिकोण से समाधान की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनसुनवाई व्यवस्था को थाना एवं चौकी स्तर तक प्रभावी रूप से विस्तारित किया गया है। इससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है और स्थानीय स्तर पर ही त्वरित सहायता उपलब्ध हो रही है। यह व्यवस्था पुलिस और आमजन के बीच संवाद को अधिक सहज, सुलभ और विश्वासपूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संवाद आधारित पुलिसिंग की इस पहल से नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है। लोग खुलकर अपनी समस्याएं साझा कर रहे हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसके सकारात्मक परिणाम शिकायतों के त्वरित निराकरण और सामाजिक सौहार्द के रूप में सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि पुलिस की वास्तविक सफलता केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में नहीं, बल्कि लोगों की समस्याओं को समझकर समय पर सहायता उपलब्ध कराने में भी निहित है। उनका प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और विश्वास से परिपूर्ण महसूस करे।

# दिगौड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई दो गांवों से अवैध शराब जब्त

**मुखबिर की सूचना निकली सटीक, पकड़ा गया अवैध शराब का धंधा, दो आरोपी गिरफ्तार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग गांवों में दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान मिली मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त कर आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

दिगोड़ा पुलिस के अनुसार नियमित गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुरा खास और ग्राम दुसयारा में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल दोनों स्थानों पर दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान ग्राम फिरोजपुरा खास निवासी आरोपी दुर्गा प्रसाद रजक के कब्जे से देशी शराब के 18 क्वार्टर बरामद किए गए। पुलिस ने मौके पर ही शराब जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस टीम ने ग्राम दुसयारा में छापेमार कार्रवाई करते हुए आरोपी राजू रैकवार के कब्जे से 3 लीटर कच्ची देशी महुआ शराब जब्त की।

**आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज**

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति है, वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए ऐसे अभियान लगातार चलाने की मांग की है।

महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष का होटल गिरी पैलेस में भव्य स्वागत, संगठन सशक्त करने का आह्वान

# साधारण कार्यकर्ता भी बन सकता है शीर्ष नेता: अश्विनी परांजपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे राजवाड़े मंगलवार को टीकमगढ़ प्रवास पर पहुंचीं। उनके आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। शहर के विभिन्न स्थानों पर पुष्पहारों एवं फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया।

प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष होटल गिरी पैलेस पहुंचीं, जहां पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी के नेतृत्व में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की उपस्थिति से आयोजन उत्साहपूर्ण और भव्य बन गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अश्विनी परांजपे राजवाड़े ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जहां संगठन के प्रति समर्पित और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले



कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का पूरा अवसर मिलता है। उन्होंने जिला प्रभारी गुड्डन पाठक को अपना आदर्श बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं संगठनात्मक कार्यशैली से उन्हें निरंतर प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि मुझ जैसी सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना भाजपा की कार्यकर्ता-आधारित संस्कृति का प्रमाण है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जहां एक साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा के बल पर देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंच सकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने महिला कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल बताते हुए महिलाओं की राजनीतिक एवं सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी, जनपद अध्यक्ष रेखा यादव, पुष्पा यादव, सुशीला दुबे, किरण त्रिपाठी, संध्या सोनी, आरती साहू, रामा रजक, वंदना जायसवाल, संध्या तिवारी, शिवकली लोधी, सहित महिला कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महापर्व में निभानी होगी संकटमोचक की भूमिका: मंडलोई

**सिंहस्थ-2028 महापर्व को सुव्यवस्थित, सुरक्षित बनाने टीकमगढ़ पुलिस का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी सिंहस्थ-2028 महापर्व को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धालु-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान उत्पन्न होने वाली विभिन्न परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए व्यवहारिक रूप से तैयार करना है।

इसी क्रम में पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तृतीय बैच के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सुरक्षा प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं होते, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, सुविधा और सुरक्षा से भी जुड़े होते हैं। ऐसे आयोजनों में पुलिसकर्मी केवल सुरक्षा कर्मी नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, सहयोगी और संकटमोचक की भूमिका भी निभाते हैं। उन्होंने ड्यूटी के दौरान धैर्य, विनम्रता, संवेदनशीलता और सकारात्मक




व्यवहार को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को सहज और सुरक्षित वातावरण मिल सके। प्रशिक्षण के दौरान भीड़ नियंत्रण, आकस्मिक घटनाओं में त्वरित प्रतिक्रिया, आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों के समन्वय, यातायात संचालन तथा जनसुविधाओं के बेहतर प्रबंधन पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही लापता व्यक्तियों की खोज, महिला एवं बाल सुरक्षा, सार्वजनिक सूचना प्रणाली के उपयोग, अफवाह नियंत्रण तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के व्यावहारिक पहलुओं की भी जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक ने बड़े धार्मिक आयोजनों में अपने पूर्व अनुभव साझा करते हुए कहा कि किसी भी सफल आयोजन की कुंजी पूर्व तैयारी, सतत सतर्कता और टीमवर्क में निहित होती है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी व्यवस्थाएं भी बड़ी चुनौतियों को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों को यह भी बताया कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता केवल प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि नागरिकों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनती है। इसलिए आमजन के साथ सकारात्मक संवाद बनाए रखना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा सिंहस्थ जैसे महाआयोजन पुलिस की कार्यक्षमता, संवेदनशीलता और समर्पण की परीक्षा होते हैं। उनका लक्ष्य केवल सुरक्षा व्यवस्था संभालना नहीं, बल्कि प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित अनुभव उपलब्ध कराना है।

### ऑनलाइन तैयारी, पुलिस लाइन में कड़े अभ्यास का मिला प्रतिफल, वार्ड पार्षद ने दी बधाई

# अग्निवीर योजना ने दी अभिषेक के सपनों को उड़ान, एयरफोर्स में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जहां मजबूत चाह हो, वहां राह स्वयं बन जाती है। अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और उस लक्ष्य को हासिल करने के लिये कड़े अनुशासन व धैर्य के साथ निरंतर मेहनत व प्रयास किये जाये तो सफलता अवश्य मिलती है। उक्त प्रेरणादायक संदेश टीकमगढ़ शहर के युवा अभिषेक सेन ने उस वक्त दिया ज़ब उन्हें भारतीय एयरफ़ोर्स में चयन के लिये नगरवासियो द्वारा बधाई और शुभकामनायें दी जा रही हैं। हालांकि अभिषेक ने बताया कि अभी तो और आगे जाने का लक्ष्य है। उनका अगला लक्ष्य फ्लाइंग ऑफिसर बनना है। यह तो सपना पूरा करने का पहला पड़ाव है। अभिषेक ने बताया कि उनका सपना आर्मी की वर्दी पहनने का था। जिसके






लिये उन्होंने सच्ची लगन के साथ कड़ी मेहनत की।

नगर के वार्ड क्रमांक-6 तालदरवाजा निवासी अभिषेक सेन ने अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायु सेना के एक्स ग्रुप में चयनित होकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। खास बात यह है कि इस वर्ष की भर्ती प्रक्रिया में टीकमगढ़ जिले से अभिषेक सेन एकमात्र अभ्यर्थी हैं, जिन्हें चयनित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। वार्ड पार्षद रजनी पूनम जायसवाल ने उक्त जानकारी मिलने पर तत्काल अभिषेक के घर पहुंचकर उनको बधाई दी। इस मौके पर पार्षद जायसवाल ने कहा कि अभिषेक की इस उपलब्धि से सारा नगर व जिला खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। महेश कुमार सेन और राखी सेन के बेटे अभिषेक सेन ने वर्ष 2025 में गणित विषय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने भारतीय वायु सेना में जाने का लक्ष्य निर्धारित कर लिया था और उसी दिशा में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ तैयारी शुरू कर दी थी। लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए अभिषेक ने ऑनलाइन माध्यमों का सहारा लिया, वहीं शारीरिक दक्षता परीक्षा पीएफटी की तैयारी के लिए स्थानीय पुलिस लाइन में नियमित रूप से दौड़, पुश-अप्स, सिट-अप्स तथा अन्य शारीरिक अभ्यास किए। उन्होंने अनुशासित दिनचर्या अपनाते हुए अपनी फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया और एसआरटी एवं जीडी की भी निरंतर तैयारी करते रहे। तैयारी के दौरान कुछ पल ऐसे भी आये जहाँ अभिषेक को असमंजस की स्थिति का सामना भी करना पड़ा क्योंकि कुछ तैयारियां ऑनलाइन करनी पड़ी जिसमें प्रेक्टिकल अनुभव की कमी महसूस हो रही थी लेकिन जज्बे के साथ कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर अभिषेक ने चयन प्रक्रिया के सभी चरण सफलतापूर्वक पार कर भारतीय वायु सेना में चयनित होने का सपना साकार किया। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने श्रीमहेंदीपुर बालाजी की कृपा, माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों के आशीर्वाद को दिया है। अभिषेक की सफलता की खबर मिलते ही परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रजनी पूनम जायसवाल उनके घर पहुंचीं और परिवार को बधाई देते हुए अभिषेक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिषेक ने बताया कि वह शीघ्र ही भारतीय वायु सेना के प्रशिक्षण के लिए बेंगलुरु रवाना होंगे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापामार कार्रवाई

**ललितपुर** । आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में खाद्य पदार्थ सॉस पर चलाए गए अभियान के अंतर्गत नज़ाई बाजार ललितपुर स्थित प्रदीप एजेंसी प्रो प्रदीप कुमार साहू के प्रतिष्ठान पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। प्रतिष्ठान मे रखे फंटॉप ब्रांड के कांटिनेंटल सॉस और ग्रीन चिली सॉस के एक एक नमूने तथा नव ज्योति ब्रांड के वेजिटेबल सॉस के एक नमूना, कुल तीन नमूने संग्रहित कर लगभग 100 नव ज्योति ब्रांड वेजिटेबल सॉस सीज किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य -कक विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस एस निरंजन, नागेंद्र कुमार सम्मिलित रहे।

## पहले दिन स्कूलों में पढ़ने नहीं पहुंचे विधार्थी सन्नाटा पसरा रहा

# भीषण गर्मी की भेंट चढ़ा 'स्कूल चले हम' अभियान का दूसरा चरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। श्योपुर

भोपाल में बैठकर तय हुए सरकारी आदेश के अनुसार 16 जून (मंगलवार) को सभी स्कूलों के दरवाज़े छात्र छात्राओं के लिए खोल दिए गए, साथ ही मिले निर्देश के तहत शिक्षक बच्चों का स्वागत आत्मीयता से करने के लिए स्कूलों में तैयार बैठे रहे लेकिन भीषण गर्मी के चलते अधिकतर बच्चे स्कूलों में आए ही नहीं. ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने के बाद स्कूलों का पहला दिन सिर्फ औपचारिकता में ही गुजरा. न तो विद्यार्थी स्कूलों में आए नाशिक्षकों ने कोई पठन-पाठन कराया हालांकि शिक्षक 7 जून से ही स्कूलों में पहुंच रहे हैं लेकिन वह पढ़ाई कराने के बजाय ऑफिशियल काम ही कर रहे थे पर मंगलवार से विधिवत स्कूल विद्यार्थियों के लिए भी खोल दिए गए हैं. लेकिन बच्चों के स्कूल न आने से शिक्षा विभाग भी परेशान है डीईओ यश जेन ने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और पढ़ाई शुरू कराने के निर्देश जारी किए हैं।

मध्य प्रदेश के साथ श्योपुर जिले में भी सभी सरकारी और निजी स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है. भीषण गर्मी और लू को देखते हुए छात्रों के लिए समर वेकेशन को बढ़ा दिया था, जिसके बाद अब कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र छात्राओं के लिए स्कूल 16 जून 2026 से खोले गए हैं लेकिन बड़ी हुई छुट्टी के बाद भी विधार्थी पहले दिन स्कूलों में नहीं पहुंचे यह बात शिक्षा विभाग के अधिकारियो को परेशान किए हुए है, इधर अभिभावक भीषण गर्मी में बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं उधर कलेक्टर शीला दाहिमा ने स्कूलों के नियमित निरीक्षण के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं. ज्ञात हो कि शिक्षक पहले ही, 7 जून 2026 से स्कूलों में रिपोर्ट कर चुके हैं और उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियां शुरू करने के साथ बच्चों को स्कूल लाने के लिए घर घर संपर्क के निर्देश दिए हुए थे लेकिन पहले दिन विधार्थियो के स्कूल नहीं पहुंचने शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए स्कूलों की उपस्थिति मांगने के साथ बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं. उधर शिक्षकों के सामने परेशानी यह आ रही है शिक्षकों के अनुरोध के बाद भी भीषण गर्मी में अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने को तैयार नहीं हैं।



### जिपं सीईओ के निर्देश लेबोरेट्री में चेक होगी भोजन की गुणवत्ता

उधर जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों को पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत वितरण होने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच उस लैबोरेट्री से करने के निर्देश सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार को दिए हैं जिस लेबोरेटरी में खाद्य सुरक्षा औषधि विभाग डेरी होटल और दूसरे संस्थानों से सैंपल उठाकर गुणवत्ता की जांच करवाता है. अब फूड इंस्पेक्टर स्कूलों में जाकर एमडीएम के तहत बनने वाले भोजन के सेम्पल भरेंगे और उसकी गुणवत्ता मापने के लिए भोपाल लैबोरेट्री भेजेंगे. उधर सीईओ के निर्देश के पालन में डीपीसी भूपेंद्र कुमार शर्मा ने बीआरसी के माध्यम से सभी शाला प्रमुखों को भोजन के सैंपल सुरक्षित रखने के निर्देश जारी कर दिया है ताकि फूड इंस्पेक्टर के आने पर उन्हें सैंपलिंग के लिए भोजन उपलब्ध रहे.

### 30 तक चलेगा 'स्कूल चले हम' अभियान का दूसरा चरण

16 जून को विधालय खोले जाने के साथ ही 'स्कूल चले हम' अभियान का दूसरा चरण भी शुरू हो गया है जिसमें घर-घर सर्वे करके स्कूल न जाने वाले और पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों (विशेषकर 7 से 14 वर्ष तक के) को चिन्हित किया जायगा और उन्हें नजदीकी स्कूल में दाखिला दिलाया जायगा. बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए स्कूलों में 'बाल सभा', स्वागत समारोह और विशेष भोज का आयोजन किया जायगा. अभियान के दौरान स्कूलों में पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई और फर्नीचर जैसी बुनियादी सुविधाओं की जांच की जाकर पूर्ति की जायगी. विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें, गणवेश (यूनिफॉर्म) की राशि और साइकिल वितरण की व्यवस्था की जायगी. 3 वर्ष की आयु के बच्चों का आंगनवाड़ी (बाल वाटिका) में नामांकन सुनिश्चित करना और 6 साल पूरे कर चुके बच्चों का नामांकन कराना भी इस चरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं.

### इनका कहना है...

स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए बाल सभा जैसे ज्ञान वर्धक मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं साथ ही सर्वे कर बच्चों को स्कूल लाने एडमिशन करने के लिए निर्देशित किया जा चुका है. अभी भीषण गर्मी पड़ रही है इसलिए उपस्थिति कम है दो-तीन दिन में संख्या बढ़ जाएगी.

यश जैन
डीईओ श्योपुर

---

## पार्क में खेलने नही देने की शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचे बच्चे

# कलेक्टर बोली बच्चों को नहीं खेलने दोगे तो फिर किस लिए बनाया पार्क?



### आज पूरा प्रशासन पहुंचेगा पार्क पर

खास बात यह रही कि कलेक्टर शीला दाहिमा ने जहां सीएमओ को पार्क संधारण सही से कराने के निर्देश दिए वहीं सभी अधिकारियो को निर्देशित किया कि वह बुधवार को सुबह 8 बजे मौके पर पहुंचे और बच्चों को पार्क में नही खेलने देने वाले लोगों को समझाइश दें समझाइस के बाद भी यदि नही माने तो कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। श्योपुर

जनसुनवाई कर रही कलेक्टर शीला दाहिमा उस समय नगर पालिका के जिम्मेदारों पर नाराज होती दिखीं, जब कुछ बच्चों ने जनसुनवाई में पहुंचकर उन्हें पार्क में नहीं खेलने देने की शिकायत की. इस पर कलेक्टर ने सीएमओ से पूछा कि अगर बच्चे पार्क में नहीं खेलेंगे तो फिर पार्क किस लिए बनाया गया है। कलेक्टर के सवालिए तेवर से सीएमओ बगले झांकने लगे और यह कहकर पल्ला छुड़ाने का प्रयास किया कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है वह तत्काल जानकारी लेकर अव्यवस्था को सुधार देंगे।

जनसुनवाई में जब बच्चे पहुंचे तो उन्हें देख कलेक्टर पहले चौक गई कि इतने छोटे बच्चे यहां कैसे आए और पहले बच्चों को कुर्सियों पर बैठाया और उनसे स्नेहपूर्वक चर्चा की. बच्चों ने कलेक्टर शिला दाहिमा को बताया कि विश्वेश्वर महादेव मंदिर मयूर बिहार विकास नगर वार्ड नंबर 07 में एक सार्वजनिक पार्क है, जिसमें हमें खेलने नही दिया जाता है। बच्चों ने बताया कि वे सुबह 8 बजे खेलने जाते है, कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देशित किया कि पार्क के बारे में जानकारी लेकर उसे सार्वजनिक महत्व के लिए खुला रखवाएं और बच्चों को आश्वस्त किया कि कल वह अब से पार्क में खूब मस्ती कर सकेंगे उन्हें कोई नहीं रोकेगा।

### फिर तीन सैकड़ा को पार हुआ जनसुनवाई का आंकड़ा

मंगलवार को भी जनसुनवाई में 332 आवेदन आए थे ज्ञात हो कि जब से शीला दाहिमा श्योपुर कलेक्टर बनकर आई हैं तब से लोगों की उम्मीद उनसे इतनी अधिक बढ़ गई है कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों की संख्या एक सैकड़ा से बढ़कर 300 के पार जा रही हैं. यह लगातार तीसरा मंगलवार है जब जनसुनवाई में आए लोगों का आंकड़ा 300 के पार हुआ है लंबी जनसुनवाई के कारण जहां कलेक्टर को जिले के अन्य कामों में परेशानी आ रही है वही अधिकारी भी अपना अधिकतर समय जनसुनवाई में ही व्यतीत कर रहे हैं जिससे उनके ऑफिस के काम प्रवाहित हो रहे हैं. ज्ञात हो कि जनसुनवाई का समय 11 से 1:00 है लेकिन कलेक्टर शीला दाहिमा 4:00 बजे के बाद तक जनसुनवाई करती दिखाई पड़ रही है।

---

## समान नागरिक संहिता पर जन परामर्श व सुझाव बैठक संपन्न

# किसी भी बड़े नीतिगत परिवर्तन के लिए जनसमर्थन जरूरी:पैठणकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। श्योपुर




मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की सदस्य डॉ. शोभा पैठणकर ने कहा कि अनेकता में एकता भारत की पहचान है और किसी भी बड़े नीतिगत परिवर्तन के लिए जनसमर्थन अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि समिति प्रदेश के सभी जिलों में भ्रमण कर नागरिकों से संवाद कर रही है। प्राप्त सुझावों के आधार पर ही अंतिम प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों को अवगत कराया किया कि वे अपने महत्वपूर्ण सुझाव आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। वे मंगलवार को निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में समान नागरिक संहिता के संबंध में जन परामर्श हेतु आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थी। डॉ. शोभा पैठणकर द्वारा समान नागरिक संहिता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने इसके संभावित स्वरूप, अन्य राज्यों के अनुभव, सामाजिक समरसता और नागरिक अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपना पक्ष रखा। कानूनों में सुधार पर चर्चा बैठक के दौरान विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, लिव-इन रिलेशनशिप जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि परंपरागत रूप से हमारे देश में भिन्न-भिन्न धर्म समुदायों के लिए विभिन्न प्रकार के कानून लागू हैं, संविधान में निहित समानता के अधिकार को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सरकार यूसीसी लागू करने पर विचार कर रही है। इस प्रक्रिया में आम नागरिकों के सुझावों को प्रमुखता दी जायेगी।

इसका उद्देश्य सभी के लिए एक सामान कानून तैयार करना है और सभी के हितों की रक्षा करना है।कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि सभी गणमान्य नागरिक स्वयं भी अपने सुझाव दें और यूसीसी पर अधिक से अधिक लोगों को सुझाव के लिए प्रेरित करें। समान नागरिक संहिता की नीति तैयार करने में सभी लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुझाव लिये जा रहें है। परामर्श बैठक के दौरान बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अर्चना भूषण ने सुझाव दिया कि यूसीसी महिलाओं के अधिकारों के रक्षा के लिए आवश्यक है, इसमें तलाक जैसे अति संवेदनशील विषयों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता द्वारा भी उपयोगी सुझाव दिये गये। बैठक में उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं अन्य प्रबुद्धजनों ने भी समान नागरिक संहिता के विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

वक्ताओं ने इस कानून की आवश्यकता और समाज पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर चर्चा करते हुए इसके क्रियान्वयन में अपना सहयोग देने की बात कही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्यगण, महिला एवं बाल विकास से जुड़े गणमान्य व्यक्ति, प्राध्यापक, कानूनविद, धर्मगुरु एवं अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

---

# आंधी-तूफान से हुए नुकसान के मुआवजा की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶। श्योपुर

कलमुंडा क्षेत्र में विगत दिनों आए भयंकर तूफान से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किसान नेता राधेश्याम मूडला के नेतृत्व में बड़ोदा तहसीलदार को ज्ञापन सौपा है. ज्ञापन में उल्लेख है कि बड़ौदा क्षेत्र में 14 जून को आए तेज आंधी-तूफान के कारण बत्तीसा क्षेत्र के ग्राम कलमुंडा में 33 केवी के विद्युत खंभे टूट गए। इसी प्रकार ग्राम उदोतपुरा में भी विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए, मकड़ावदा-उदोतपुरा क्षेत्र के कई गांव में विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई है। ग्रामीणों को पीने के पानी का आ गया. किसानों के कृषि पंप बंद होने से धान की पौध में सिंचाई नहीं हो पा रही है। इस तूफान में कई ग्रामीणों के छप्पर उड़ गए ग्रामीणों को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई आरबीसी में प्रावधानित नियमों के अनुसार किया जाए।

## तीन आरोपियों पर 2-2 हजार का इनाम घोषित

श्योपुर। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा मप्र पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80-बी(1) में प्रदत्त शक्तियो का उपयोग करते हुए तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पर 2-2 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार आरोपी नकटू पुत्र जगन्नाथ यादव, सिरनाम पुत्र बुद्धू यादव एवं बीरन उर्फ बीरेन्द्र पुत्र सरवन यादव निवासी देवरी पर 2-2 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया है, उक्त आरोपियों पर थाना चिलवानी में कई धाराओ में अपराध दर्ज है।

### सर्पदंश से ग्रामीण की मौत

श्योपुर। विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दूल्हावाला निवासी भरतलाल 50 वर्ष पुत्र लालपत रावत की मंगलवार को सर्प दंश के चलते मौत हो गई। हालांकि परिजनो ने उसे बचाने के लिए कई जतन भी किए, मगर उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मुस्लिम समाज की यूसीसी बिल को 'न' शहर काजी ने सौंपा पत्र

श्योपुर। राज्य में समान नागरिकता कानून (यूसीसी) को मुस्लिम समाज अस्वीकार कर दिया है. शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने बिल पर लोगों की राए लेने श्योपुर पहुंचे दल को एक लिखित पत्र मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम थमा दिया है जिसमें मुस्लिम समुदाय को इस बिल पर क्या आपत्ति है बिंदुबार बताया गया है.शहर काजी द्वारा मुस्लिम प्रतिनिधि की हैसियत से लिखे गए तीन पेज के प्रतिवेदन में उल्लेख है कि बिल में आदिवासी समुदाय की नीतियों, नियमों, रीति रिवाजों और पारंपरिक कानूनों की पूरी रक्षा करने का आश्वासन दिया गया ताकि उनके अधिकार और पंरपराए अप्रभावित रहें, दूसरे शब्दो में यह कानून आदिवासी समुदाय पर लागू नहीं होगा, उन्हें इससे छूट दी जायेगी, इससे यह पूरी तरह स्पष्ट है कि जो कुछ उत्तराखण्ड और गुजरात में किया गया, ठीक उसी प्रारूप को मध्य प्रदेश में दोहराया जा रहा है। लेकिन मप्र जैसे राज्य में जहां की 20 प्रतिशत आबादी आदिवासी है, उन्हें इस संहिता से बाहर रखना उस समानता और एकरूपता के तर्क को ही पूरी तरह ध्वस्त कर देता है, जिसे प्राप्त करने का यूसीसी दावा कर रहा है। बिल सविंधान की धारा 25 और 26 जो धार्मिक स्वतन्त्रता के मोलिक अधिकार से सम्बन्धित है, यह कानून अनावश्यक रूप से उसमें हस्तक्षेप करेगा. मुस्लिम समुदाय के जो व्यक्तिगत कानून जिन्हें पर्सनल लॉ के नाम से जाना जाता है मुख्य रूप से कुरआन, हदीस, इज्मा और कयास पर आधारित हैं, जो इस्लामी न्याय शास्त्र के चार प्रमाणिक और न्यायिक रूप से स्वीकृत स्त्रोत है इसलिये मुसलमानों को उनके व्यक्तिगत कानूनों के अनुसार जीने के अधिकार से वंचित करना सीधे तौर पर उनके मोलिक धार्मिक अधिकारों का हनन है क्योंकि इन धार्मिक संहिताओं का पालन करना मुसलमान के लिये इमान की बुनियादी शर्त है।

---

## नपा श्योपुर और नप बड़ौदा को लंबे इंतजार के बाद मिले स्थाई सीएमओ

# तबादले की बयार: श्योपुर के कई अफसर बदले, प्रशासनिक कामकाज में आएगी कसावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶। श्योपुर

प्रदेश की राजधानी भोपाल से चली तबादले की बयार में श्योपुर जिले के कई सरकारी विभागों के अफसर बदल गए है। श्योपुर में विभिन्न विभागो में पदस्थ अफसरों का जहां दूसरे जिले में ट्रांसफर कर दिया गया है। वहीं दूसरे जिले के कई अफसरों को ट्रांसफर के दौरान श्योपुर जिले में नई पदस्थापना दी गई है। खास बात यह है कि इस ट्रांसफर के दौरान प्रभारियों के भरोसे चल रही नगर पालिका श्योपुर और नगर परिषद बडौदा को लंबे इंतजार के बाद स्थाई सीएमओ मिल गए है। वहीं जिले को तीन नए डिप्टी कलेक्टर, एक पीडब्ल्यूडी एसडीओ तथा उद्योग विभाग को दो नए अफसर मिले है। इसके साथही जनपद सीईओ, नायब तहसीलदार,सहायक जन संपर्क अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की अदला बदली भी हुई है। जिसके चलते श्योपुर जिले में प्रशासनिक कामकाज में कसावट आने की उम्मीद जताई जा रही है।

भोपाल स्तर से जारी हुए ट्रांसफर आदेश के मुताबिक श्योपुर जिले में पदस्थ प्रभारी डिप्टी कलेक्टर संजय जैन का सागर जिले में ट्रांसफर कर दिया गया है। वहीं श्योपुर जिले में तीन नए डिप्टी कलेक्टरों की पदस्थापना की गई है। इनमें मंदसौर से शिवलाल शाक्य, मुरैना से मेघा तिवारी तथा मउगंज से पवन घुरैया को श्योपुर में पदस्थ किया गया है। लोक निर्माण विभाग में काफी दिनों से खाली बने श्योपुर एसडीओ पद पर ऋषभ सिंहल को पदस्थ किया गया है। फिलहाल वे उज्जैन में पदस्थ है,जहां से उन्हें श्योपुर भेजा गया है। पहली बार श्योपुर में महिला सहायक जनसंपर्क अधिकारी के रूप में पदस्थ हुई अवंतिका श्रीवास्तव का ट्रांसफर मंडला जिले में कर दिया गया है। वहीं सहायक जन संपर्क अधिकारी कपिल मिश्रा को उज्जैन से श्योपुर जिले में पदस्थ किया गया है। उधर शिकायतो के चलते कराहल तहसीलदार पद से हटाई गई नायब तहसीलदार रोशनी शेख का अशोकनगर तथा श्योपुर तहसीलदार पद से हटाई गई प्रभारी नायब तहसीलदार मनीषा मिश्रा का शिवपुरी जिले में ट्रांसफर कर दिया गया है। हालांकि इनकी जगह फिलहाल किसी दूसरे नायब तहसीलदार या तहसीलदार की पदस्थापना श्योपुर जिले में नहीं की गई है।




### श्रीवास्तव होंगे श्योपुर सीएमओ, कराहल में अभिषेक की वापसी

नगर पालिका श्योपुर में प्रभारी सीएमओ के रूप में काफी दिनों से पदस्थ आरआर यादव को शासन ने वापस नगर पालिका भिण्ड में अपने मूल पद राजस्व उप निरीक्षक पर भेज दिया है। उनकी जगह स्थाई सीएमओ निशांत श्रीवास्तव को श्योपुर नगर पालिका में बतौर सीएमओ पदस्थ किया गया है। वर्तमान में सीएमओ निशांत श्रीवास्तव नर्मदापुरम जिले की बनखेडी नगर पालिका में पदस्थ है। जहां से उन्हें श्योपुर में नई पदस्थापना दी है। उधर प्रभारी के भरोसे चल रही बडौदा नगर परिषद में सीएमओ करूणेश डंडोतिया को पदस्थ किया गया है। बता दे कि सीएमओ करूणेश डंडोतिया वर्तमान में नगर निगम रतलाम में पदस्थ है। उधर कराहल जनपद पंचायत में सीईओ के रूप में अभिषेक त्रिवेदी की वापसी हो गई है। क्योंकि अभिषेक त्रिवेदी कराहल जनपद में बतौर सीईओ रह चुके है और वर्तमान में वे खंडवा जिले की पुनासा जनपद पंचायत में बतौर सीईओ पदस्थ है। जहां से उन्हें कराहल जनपद भेजा गया है तथा कराहल जनपद में पदस्थ सीईओ राकेश कुमार शर्मा को अभिषेक त्रिवेदी की जगह पर पुनासा जनपद पंचायत में भेजा गया है।

### प्रभारी के भरोसे चल रहे उद्योग विभाग को मिले दो अधिकारी

दूसरे जिले के अधिकारी के भरोसे चल रहे श्योपुर जिले के उद्योग विभाग को इस ट्रांसफर के मौसम में दो अधिकारी मिल गए है। तबादला आदेश के मुताबिक प्रकाश कुमार इंदौर को निलंबन से बहाल करते हुए उद्योग विभाग श्योपुर में महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं प्रभारी प्रबंधक के रूप में अनुराग मिश्रा को नीमच जिले से श्योपुर जिले के उद्योग विभाग में पदस्थ किया गया है।

### आधा दर्जन पटवारियों का तबादला

श्योपुर जिले में पदस्थ छह पटवारियों का दूसरे जिले में ट्रांसफर कर दिया गया है। उनकी जगह पर 7 पटवारियों को श्योपुर जिले में पदस्थ किया गया है। भोपाल से जारी हुई पटवारियों की ट्रांसफर सूची के मुताबिक जिन छह पटवारियों का श्योपुर से तबादला हुआ है,उनमें अनुराग दुबे को निवाडी, चैधरी मांझी को भिण्ड, राकेश सिंह को कटनी, रामदास डाबर को बडवानी, रामवरण धाकड को शिवपुरी, सृष्टि धाकड को शिवपुरी जिले में पदस्थ किया गया है। जबकि सात पटवारियों को श्योपुर में नई पदस्थापना दी गई है। जिनमें धार से अंकित गोयल, मउगंज से अरमान खान, रतलाम से राकेश बंसल, सिवनी से रामलखन यादव, अशोकनगर से रोहित धाकड, मुरैना से विकास मीणा तथा नीमच से सुमित शर्मा को श्योपुर में पदस्थ किया गया है।

---

# हिंदूवादी संगठनों ने ज्ञापन सौंपा,कार्रवाई न होने पर परिवार ने दी आत्मदाह की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। श्योपुर



हिंदूवादी संगठन विश्व हिंदू परिषद, सकल हिंदू समाज और युवती के परिजन मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होने नारेबाजी करते हुए एसपी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें आरोप लगाया कि एक हिंदू युवती को वर्ग विशेष का व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। युवती को वापस लाते हुए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि जो युवक युवती को भाग ले गया है,वह पहले से विवाहित है और उसके चार बच्चे हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने युवती और उसके परिवार को धमकाने का प्रयास किया है। उधर एसपी कार्यालय पहुंचे युवती के पिता ने मीडिया से बात करते हुए अपनी बेटी को जल्द से जल्द सुरक्षित वापस लाने और दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अपनी पत्नी के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने आत्मदाह करने के लिए मजबूर होंगे।

इस मामले में एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया है।

### गलमान्या सचिव पर 500 रुपए का जुर्माना,लोकसेवा में लापरवाही पर की कार्रवाई

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत समय सीमा में सेवा प्रदाय नही करने पर गलमान्या पंचायत सचिव हरजीत मीणा पर 500 रूपये का जुर्माना लगाया है। लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत आवेदक हितग्राहियों को लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से समय सीमा में विभिन्न सेवाओं को प्रदाय किये जाने का प्रावधान है। जिला रजिस्टार लोक सेवा प्रबंधन गिर्राज शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत गलमान्या के पंचायत सचिव हरजीत मीणा पर 500 रूपये की शास्ती अधिरोपित की गई है, उनके द्वारा आवेदक रामदयाल वाल्मिक निवासी गलमान्या द्वारा लोक सेवा के माध्यम से प्रस्तुत जन्म का अप्राप्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने संबंधी आवेदन का निराकरण एक दिवस के विलम्ब से किये जाने पर 500 रूपये का जुर्माना किया गया है।

## खबर संक्षेप

### नवागत थाना प्रभारी ने किया पदभार ग्रहण



**अशोकनगर।** जिले के नईसराय थाने के प्रभारी मनीष गुर्जर को पिछले दिनों नईसराय से पुलिस लाईन भेजा गया था तब से यह पद रिक्त चल रहा था। एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता को नईसराय थाने का पदभार सौंपा है। थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता ने पद भार संभाल लिया है वह दूसरी बार नईसराय के थाना प्रभारी बने हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के बहादुरपुर थाने की पुलिस ने चतरा बंजारा निवासी दंगलिया के पास से 5 लीटर और पूना बाई बंजारा के पास से 8 लीटर तथा राजी बाई बंजारा निवासी दंगलिया से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की देहात पुलिस ने ग्राम बांसाखेडी निवासी अशोक अहिरवार के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कोतवाली पुलिस ने टकनेरी निवासी मोहन आदिवासी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### कदवाया में योगाभ्यास का आयोजन किया गया



**अशोकनगर।** सोमवार को कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में सोमवार को घर घर योग हर व्यक्ति निरोग कार्यक्रम अंतर्गत आयुष विभाग अशोकनगर द्वारा अशोकनगर जिले के कदवाया एवं सभी आयुष संस्थाओं पर योग शिविरो का आयोजन किया गया। जिसमें 365 नागरिकों को योग अभ्यास किया।

### समान नागरिक संहिता की वेबसाइट पर सुझाव समिति गठित की गई

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता के अंतर्गत विभिन्न व्यक्तिगत तथा पारिवारिक विधियों के अंतर्गत विवाह, विवाह विच्छेद, भरण पोषण, उत्तराधिकार एवं अन्य संबंधित विषयों के संबंध में अध्ययन और परीक्षण करने हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। इस प्रयोजन हेतु जन-परामर्श के सुझाव प्राप्त करने के लिए वेबसाईट शासन द्वारा तैयार की गई है। विभाग अंतर्गत समस्त नागरिकों (शासकीय अधिकारी/कर्मचारी सहित एवं संस्था/समिति सदस्य को वेबसाईट पर 22 जून तक सुझाव दे सकते है।

### शिक्षक विहीन माध्यमिक विद्यालय पौरुखेड़ी में पदस्थापना की मांग

**ईसागढ़।** जनपद पंचायत ईसागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पौरुखेड़ी के सरपंच द्वारा जिला पंचायत अशोकनगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन सौंपकर माध्यमिक विद्यालय पौरुखेड़ी में शिक्षक पदस्थ करने की मांग की गई है। आवेदन में बताया गया है कि माध्यमिक विद्यालय पौरुखेड़ी में वर्तमान में कोई भी शिक्षक पदस्थ नहीं है, जबकि कक्षा 6 में 25, कक्षा 7 में 29 तथा कक्षा 8 में 28 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### अशोकनगर 2003 में जिला मुख्यालय का शहर बना था

# जिला मुख्यालय बनने के 23 साल बाद भी नगर पालिका की सीमा वृद्धि में बदलाव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गुना से विभाजित होने के बाद अशोकनगर 2003 में जिला मुख्यालय का शहर बना था, उस समय शहर में 22 वार्ड हुआ करते थे, आज भी 22 वार्ड हैं, जिला मुख्यालय का यह शहर 23 साल बाद भी नगरीय निकाय की सीमा वृद्धि नहीं कर पाया है। यह जरूर हुआ है कि बीच के बर्षों में जो अधिक जनसंख्या वाले वार्ड थे उन्हें छोटा किया गया और छोटे वार्डों को बड़ा किया गया। लेकिन अब एक एक वार्ड ऐसे हो गए हैं जो तीन तीन वार्ड में विभाजित होने का इंतजार कर रहे हैं। पंचायतें शहर के अंदर आ गईं हैं और शहर के कार्यालय पंचायतों में पहुंच गए हैं।

#### 2019 में प्रस्ताव शासन को भेजा गया था

अशोकनगर नगरीय निकाय की सीमा वृद्धि में प्रस्ताव का मामला नगरपालिका के साथ जिले के कलेक्टर पर निर्भर है। वर्ष 2019 में जिले के तत्कालीन कलेक्टर मंजू शर्मा ने मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप सचिव को 25 नवंबर 2019 को एक पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया था कि मध्यप्रदेश में नगर पालिका क्षेत्रों में सीमा वृद्धि की जा रही है। उस वृद्धि का लाभ अशोकनगर को भी प्राप्त हो, इस हेतु नगरपालिका अशोकनगर द्वारा समाचार पत्रों में भी शहर की सीमा वृद्धि का प्रस्ताव का प्रकाशन कराया गया था।

इस प्रस्ताव में कहा गया था कि नगर पालिका अशोकनगर में जो क्षेत्र शामिल होना हैं, उसमें अशोकनगर ईसागढ मार्ग, अशोकनगर गुना मार्ग, अशोकनगर विदिशा मार्ग तथा अशोकनगर वायपास रोड के किनारे का क्षेत्र जिसका विकास शहर के नजदीक होने के कारण विकसित क्षेत्र में आता है। उस समय के तत्तकालीन विधायक जजपाल सिंह द्वारा भी प्रस्ताव प्रदान किया गया था तथा प्रथम अधिसूचना का प्रकाशन 28 फरवरी 2019 को किया गया था।

#### प्रस्ताव भी गए, अधिसूचना भी जारी हुई लेकिन सीमा वृद्धि नहीं

लेकिन आज तक उक्त अधि सूचना के बाद भी नगरपालिका अशोकनगर की सीमावृद्धि नहीं हो पाई, वर्तमान में जिला न्यायालय, आरटीओ कार्यालय, विधि महाविद्यालय शहर से 5 किलोमीटर दूर गुना रोड पर लग रहे हैं। इसी प्रकार पडरिया गांव में उद्योग विभाग और जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय चल रहा है। मोहरी में पुलिस लाईन, के साथ साथ आवासीय क्वार्टर, आइटीआई कॉलेज, कृषि उपज गल्ला मंडी चल रही हैं। विदिशा वायपास पर पुलिस लाईन, केन्द्रीय विद्यालय, संचालित हो रहे हैं। अगर आप थूवोन रोड पर चले जाए तो वहां खेल विभाग का स्टेडियम, देहात थाना जैसे कार्यालय चल रहे हैं। शहर पूरा गांव में पहुंच गया है यही पता नहीं चलता यह गांव है या शहर। शंकर पुर टोरिया के पीछे सांदीपनि विद्यालय लग रहा है, शहर के चारों ओर किसी भी रास्ते पर आप निकल जाएं सभी तरफ शहर ही शहर नजर आता है, लेकिन वह नगरपालिका की सीमा में नहीं हैं वह सब पंचायतों की सीमा में हैं। ऐसी स्थिति में अशोकनगर नगरीय निकाय की वृद्धि कर अशोकनगर नगर से 5 किलोमीटर की परिधि में आने वाली पंचायतों को नगरीय क्षेत्र में शामिल किया जाए तथा 22 वार्डों को बढ़ाकर 40 वार्डों का शहर बनाया जाए।




#### अधिसूचना दो भागों में प्रकाशित हुई थी, 3 आपत्तियां आईं थी

अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र भाग दो में 15 मार्च 2019 में प्रकाशन कराया गया था तथा दावे आपत्तियां 15 अप्रेल 2019 तक प्राप्त की गईं थी। इस अवधि में दो मांग और एक आपत्ति प्राप्त हुई थी, दोनों आपत्तियों की जांच की गई, जिनमें दो मांगें स्वीकृत कर ली गई थी और उसे अधिसूचना में शामिल भी कर लिया गया था।

#### इनका कहना है

नगरपालिका क्षेत्र की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव यदि आता है तो उस प्रस्ताव पर कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी सीमा वृद्धि का प्रस्ताव भी शासन से आया था जो पूर्व में सीमाए तय की गईं थी उन सीमाओं के आधार पर शहर का विस्तार कर निकाय की सीमा बढ़ाई जाएगी जिसमें 13 ग्रामों को शामिल किया जाने का प्रस्ताव है। संभवता अगला चुनाव नगरीय निकाय की सीमा बढ़ाने के साथ हो।

**नीरज मनोरिया** अध्यक्ष नगरपालिका

## जिले में तीन स्थानों पर बाइक आपस में टकराने की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पिछले 24 घंटों में जिले में 3 अलग अलग स्थानों पर बाईक आपस में टकराने की घटनाएं सामने आईं हैं। सड़के चैड़ी होने के बाद भी बाईके आपस में टकरा गईं। इन घटनाओं के घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जिसमें 5 लोग घायल हुए हैं।

#### पहली घटना अर्रोन के पास हुई

जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम सेकरा थाना बामौरकला जिला शिवपुरी निवासी नेपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 एमजे 1444 के चालक ने मुंगावली चंदेरी रोड पर अर्रोन के समीप अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसकी बाईक में टक्कर मार दी। इससे फरियादी उसकी पत्नि लक्ष्मी और बेटी साक्षी के नीचे गिरने से चोटे आईं हैं।

#### दूसरी घटना ग्राम नगाबार में हुई

इसी प्रकार चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम नगाबार में हनुमान मंदिर के समीप दो बाईक आपस में टकरा गईं, जिससे दोनों बाईक सवारों को चोटें आई हैं, एक बाईक चालक चन्द्रेश कुशवाह निवासी जलालपुर थाना चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम भतीजा निवासी हरिसिंह यादव ने अपने बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

#### तीसरी घटना में ईसागढ मार्ग पर हुई, गंभीर घायल को भोपाल भेजा

सोमवार को दोपहर 1 बजे अशोकनगर ईसागढ मार्ग पर दो बाईक आपस में टकरा गईं, इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दिलीप प्रजापति उम्र 35 साल, रामकृष्ण प्रजापति उम्र 40 साल गुना के निवासी हैं, इन दोनों के पैरों में फ्रेक्चर हो गए हैं, जबकि दूसरे बाईक चालक सटरूलाल कुशवाह उम्र 45 साल निवासी सारसरखेडी को गंभीर रूप से घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया था, जहां सिर में चोटे आने के कारण भोपाल रैफर किया गया ह। बताया गया है कि सारसखेडी निवासी सटरूलाल अशोकनगर से अपने गांव जा रहा था जबकि गुना निवासी दोनों युवक ईसागढ में एक रिश्तेदारी में महिला की मौत हो जाने के कारण वह अंतिम संस्कार से वापिस लौटकर अपने घर गुना जा रहे थे, तभी यह घटना हो गई। घायलों को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया।

## युकां ने राज्यसभा निर्वाचन में लोकतंत्र की हत्या के विरोध में पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला युवा कांग्रेस कमेटी अशोकनगर द्वारा सोमवार को राज्यसभा निर्वाचन में कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पुतला दहन किए जाने के दौरान पुलिस और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के बीच छीना झपटी हुई।

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस जनों एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्यसभा निर्वाचन की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं एवं पक्षपातपूर्ण कार्यवाही सामने आई हैं, जिससे लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह खड़े हुए हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया का निष्पक्ष एवं पारदर्शी होना आवश्यक है, लेकिन उक्त प्रकरण ने देशभर के लोकतंत्र प्रेमी नागरिकों को चिंतित किया है।

ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की गई कि राज्यसभा निर्वाचन से जुड़े संपूर्ण घटनाक्रम की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त किए जाने के कारणों की न्यायोचित समीक्षा की जाए तथा संबंधित अधिकारियों एवं निर्वाचन आयोग की भूमिका की जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने के लिए आवश्यक हस्तक्षेप किया जाना समय की मांग है। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने की भी मांग की। इस अवसर पर युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### पुलिस ने जिले के विवेचना अधिकारियों को सीसीटी एनएस ई-विवेचना अंतर्गत टैबलेट दिए

**अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले में पुलिस अनुसंधान कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से जिले के समस्त विवेचना अधिकारियों को सीसीटीएनएस ई-विवेचना अंतर्गत टैबलेट वितरित कर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा, अति पुलिस अधीक्षक अशोकनगर अन्तर सिंह कनेश, जिले की सीसीटीएनएस टीम सहित विभिन्न थानों के विवेचना अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान विवेचकों को ई-विवेचना, ई-साक्ष्य, ई-डार ऐप के विभिन्न फीचर्स, उपयोगिता एवं संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रकरणों के डिजिटल प्रबंधन, केस डायरी संधारण, दस्तावेजों के ऑनलाइन संकलन, घटनास्थल संबंधी जानकारी के अपलोडेशन तथा डिजिटल साक्ष्यों के सुरक्षित संग्रहण एवं प्रबंधन की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझाया गया। अनुसंधान कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया।

## बारिश पूर्व रेलवे बाईपास नाले से हटाई गंदगी और खरपतवार



**बीना।** आगामी मानसून को देखते हुए नगर पालिका द्वारा गांधी वार्ड में नालों की सफाई का अभियान शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को जेसीबी मशीन की मदद से रेलवे बाईपास स्थित प्रमुख नाले की सफाई कराई गई। सफाई कार्य के दौरान नाले में जमा गंदगी, मिट्टी और खरपतवार को बाहर निकालकर नाले की जल निकासी क्षमता बढ़ाई गई। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व वार्ड पार्षद भारती राय ने सफाई मुकदम के साथ क्षेत्र का निरीक्षण कर नालों की स्थिति का जायजा लिया था।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालों में गंदगी और खरपतवार जमा पाए गए थे, जिससे बारिश के समय जल निकासी प्रभावित होने की आशंका थी। इसके बाद पार्षद राय ने नगर पालिका सीएमओ से चर्चा कर शीघ्र सफाई कराने की मांग की थी। पार्षद भारती राय ने बताया कि रेलवे बाईपास स्थित नाले में गंदगी और खरपतवार जमा होने के कारण जागेश्वरी कॉलोनी की गली नंबर 6 से लेकर गली नंबर 1 तक बारिश का पानी सुचारू रूप से नहीं निकल पाता है। इसके चलते बारिश के पूर्व जल भराव की स्थिति को रोकने के लिए नाले का सफाई कार्य कराया गया है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े ।

नाले की सफाई होने से पानी की निकासी बेहतर होगी और जलभराव की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। साथ ही नगर पालिका द्वारा अन्य नालों की भी चरणबद्ध तरीके से सफाई कराई जा रही है, ताकि मानसून के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। डॉ प्रियंक अग्रवाल ने पार्षद से चर्चा करते हुए बताया कि नाले की समय पर सफाई होने से बारिश का पानी अस्पताल परिसर एवं आस पास जमा होने से बच जाता है। स्थानीय रहवासियों ने भी नाले की सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए नगर पालिका से नियमित रूप से सफाई कार्य जारी रखने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते सफाई होने से बारिश के मौसम में जलभराव और गंदगी की समस्या से राहत मिलेगी।

### चार दिन में चार बार आई समस्या घंटों बिजली गुल

## 33 केवी लाइन के फॉल्ट उड़ा रही आंधी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र में बीते चार दिनों से जैसे ही इलाके में प्री मानसून की गतिविधियां शुरू हुई हैं, वैसे ही कई कई घंटों तक बिजली गुल हो रही है। क्षेत्र में बीते रविवार को करीब चार घंटे तक बारिश हुई, इसके कारण 33 केवी लाइन में फॉल्ट आ गया और 6 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। इसी तरह सोमवार को भी बारिश आंधी के कारण दोपहर में कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बंद रही।

उपभोक्ताओं का कहना है कि जैसे ही आंधी या बारिश शुरू होती है, कुछ ही मिनटों में बिजली सप्लाई बंद हो जाती है, जिसे वापिस बहाल होने में कई घंटे लग जाते हैं। उपभोक्ता देवेंद्र पाल ने बताया कि बच्चे छोटे छोटे हैं, बिजली बंद होने से पंखा कूलर बंद हो जाते हैं, जिससे बच्चे तेज उमस के कारण छटपटाने लगते हैं।



#### कई दशक पुरानी है लाइन मेंटीनेंस के नाम रस्म अदा

बता दें कि सत्तर के दशक में अशोकनगर से मुंगावली के लिए 33 केवी लाइन डाली गई थी। इसी लाइन पर करीब 30 वर्ष पहले बहादुरपुर में सब स्टेशन बना। जिसके पांच फीडरों से दो दर्जन से ज्यादा गांवों में आपूर्ति होती है। इस लाइन को तब से अब तक बदला नहीं गया है। इस लाइन का वर्ष में कई बार मेंटीनेंस होता है लेकिन मेंटीनेंस के नाम पर केवल पेड़ों की कंटाई छंटाई के अलावा ज्यादा कुछ नहीं होता। यह लाइन कई स्थानों पर नीचे झूल गई है। कई जगह इंसुलेटर खराब हैं। जिसके कारण जरा सी आंधी बारिश में फॉल्ट आ जाता है।

## पुरुषोत्तम मास का हुआ समापन, सोमवती अमावस्या पर शिवाभिषेक व तुलसी परिक्रमा से लिया धर्म लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

पुरुषोत्तम मास यानी अधिक मास के पहले दिन से राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा मां जागेश्वरी धाम से प्रतिदिन सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकालकर धार्मिक अनुष्ठान किए गए। अधिक मास के अंतिम दिन सोमवार को सोमवती अमावस्या पर समापन दिवस विशेष रूप से श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। अधिक मास के प्रथम दिवस से ही राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल की महिलाएं व भक्त मां जागेश्वरी धाम से प्रभात फेरी लेकर निकलते थे।

फेरी के बाद मंदिर परिसर में तुलसी आरती, नरसिंह आरती एवं राधे किशोरी की आरती के साथ परिक्रमा की जाती थी। सोमवती अमावस्या के दिन समापन दिवस पर मंडल के सदस्यों ने भगवान शिव जी का विधिवत अभिषेक किया। इसके बाद तुलसी की परिक्रमा कर हवन-पूजन संपन्न किया गया। मंडल की महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर धर्म लाभ अर्जित किया।

#### राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल ने पूरे माह मां जागेश्वरी धाम से निकाली प्रभात फेरी



सोमवती अमावस्या के कारण नगर के सभी प्रमुख देवालयों में सुबह से ही देव रघुनाथ बड़ा मंदिर, हजारिया शिवलिंग बस स्टैंड, महाकाल मंदिर, महादेव घाट, आदि मंदिरों पर भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। कटरा मंदिर पर विशेष रौनक रही। वहां भक्तों ने कीर्तन के साथ भगवान भोलेनाथ की आरती की। मान्यता के अनुसार सोमवती अमावस्या पर बट-पीपल वृक्ष की 108 परिक्रमा कर पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बड़ी संख्या में महिलाओं व श्रद्धालुओं ने वृक्ष की 108 परिक्रमा लगाकर ईश्वर से सुख-समृद्धि की कामना की।

**भक्त माली ने बताया पुरुषोत्तम मास का महत्व** इस अवसर पर भक्त माली ने पुरुषोत्तम मास और सोमवती अमावस्या की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अधिक मास को पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। इस पूरे माह दान, जप, तप और भगवान विष्णु की आराधना का विशेष फल मिलता है। सोमवती अमावस्या पर पितरों का तर्पण, शिव पूजा और तुलसी परिक्रमा करने से अक्षय पुण्य और पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। पूरे माह धार्मिक आयोजन में राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल की महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पुण्य लाभ पाया।

## शिक्षा में सिर्फ समानता नहीं, गुणवत्ता और जवाबदेही के लिए स्कूलों को श्रेणी में बांटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले के चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने उदयप्रताप सिंह मंत्री से मांग की है कि मध्यप्रदेश में सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में असमानता है, इसे दूर करने के लिए अशोकनगर जिले से प्रयोगात्मक रूप से वस्तुनिष्ठ स्कूल रैंकिंग प्रणाली लागू की जाए।

उन्होंने मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों को लगभग समान सरकारी सुविधाएँ, बजट, शिक्षक एवं योजनाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। इसक बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि कुछ स्कूलों में प्रवेश करते ही व्यवस्था, अनुशासन और बातावरण देखकर मन प्रसन्न हो जाता है, जबकि कुछ स्कूल ऐसे हैं जहाँ पहुँचते ही लापरवाही, अव्यवस्था और उदासीनता देखकर मन व्यथित हो जाता है। यह अंतर संसाधनों का नहीं, बल्कि प्रबंधन, नेतृत्व और जवाबदेही की मानसिकता का है। उदाहरण के तौर पर, मेरी विधानसभा में स्थित पाटखेड़ा का सरकारी स्कूल जहाँ के प्राचार्य एवं शिक्षकगण जिस मुस्तैदी, अनुशासन और समर्पण से स्कूल का संचालन कर रहे हैं।

#### आधा दर्जन ग्रामों के स्कूलों में पीड़ादायक स्थिति

इसके विपरीत, मेरी ही विधानसभा के अंतर्गत सिरसौद, नादेरी, जम्बूसर, बारी, तोड़ा एवं पचलाना जैसे स्कूलों में जाकर यह देखकर अत्यंत पीड़ा होती है कि वहाँ स्पष्ट लापरवाही, कमजोर प्रबंधन और शैक्षणिक उदासीनता व्याप्त है। असमानता को दूर करने के लिए रैंकिग प्रणाली प्रारंभ की जाए

इस असमानता को दूर करने के लिए उन्होंने मांग की है कि प्रयोग के तौर पर अशोकनगर जिले से ही सरकारी स्कूलों की एक वस्तुनिष्ठ रैंकिंग प्रणाली प्रारंभ की जाए। इस रैंकिंग में स्कूलों को ए,बी,सी,डी श्रेणी में रखा जाए।

### श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए

## पुरुषोत्तम मास में अभिषेक, कन्या भोज कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर 14 एवं 15 जून को दो दिवसीय महापर्व पुरुषोत्तम मास के चलते श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में बड़े ही भावना पूर्वक भक्ति भाव से मनाए गए।

14 जून रविवार से श्री रामचरित मानस पाठ का प्रारंभ किया गया, इस अखंड पाठ का सौभाग्य पूर्व पार्षद नाहरसिंह यादव को प्राप्त हुआ। जिसमें रामचरितमानस का हवन पुजारी किशन लाल मिश्रा ने प्रात काल 6.30 से 9 बजे तक किया जिसमें पूरष सूक्त और सूक्त से आहुतियां दी गई एवं कन्या भोजन भी ब्राह्मण भोजन भी करवाया गया तथा पुरुषोत्तम मास में जो व्रत धारण किए हुए थे उन महिलाओं ने भगवान श्री भोलेनाथ का पंचामृत से अभिषेक किया, जिसे महेंद्र शर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया। एक दूसरे को सुहाग प्रदान करके प्रसन्नता जाहिर की। इसके बाद पीपल के 108 परिक्रमा दी गई। किसी ने फलों से लिए और किसी किसी ने काजू किशमिश से लिए गए उनकी गणना का महत्व है 108 फल पहले से ही गणना करके रख लेती हैं। बाद में परिक्रमा भगवान के भजन गाते हुए लगती हैं यह कार्यक्रम पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सोमवती अमावस्या पर किया, व्रत का पारण शाम को महा आरती कर किया।



### भक्ताम्बर पाठ एवं 48 दीपों से महाआरती



अशोकनगर। अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद राजुल संभाग द्वारा परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भक्ताम्बर जी के पाठ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर 48 दीपों से भव्य महाआरती की गई तथा सभी के सुख, शांति एवं खुशहाली की मंगल कामना की गई।

कार्यक्रम में परिषद की बहनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और धार्मिक वातावरण में भक्ताम्बर पाठ का लाभ लिया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष डॉ. वर्षा बड़कुल, सचिव मनीषा अरिहंत, प्रांतीय चेयरपर्सन प्रियंका बरखेड़ा सहित ममता अथाई खेड़ा, रानी गांधी, गुणमाला बरखेड़ा, श्वेता भोपाली, प्रीति बाबा, आरजू जैन, मीना चैधरी, मीनू खेड़ा, मानसी बर्तन, मानसी पाली, उषा नेशनल, रानी, छाया सहित परिषद की अनेक बहनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन मंगल भावना एवं सभी के कल्याण की प्रार्थना के साथ हुआ।